卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 301 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦12 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पिकप वाहन नदी में गिरने से एक की मौत, दूसरा लापता

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। पिकप वाहन नदी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दूसरा का पता नहीं लग पाया है। उसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार देर रात एसडीआरएफ को सूचना प्राप्त हुई कि कालीमठ के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 350 मीटर नीचे मंदाकिनी नदी में गिर गया है। सूचना पर अगस्त्यमुनि से एसआई भगत सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। बताया गया कि वाहन में 2 लोग सवार थे।



एसडीआरएफ की टीम द्वारा विषम परिस्थितियों में कड़ी मशक्कत करते हुए स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रोप स्ट्रेचर की सहायता से एक व्यक्ति के शव को खाई से निकालकर मुख्य मार्ग तक पहुँचाया और जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। दूसरे व्यक्ति का रात्रि में कुछ पता नही चल पाया । सुबह एसडीआरएफ टीम ने पुन: सर्च अभियान शुरू किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय राजदेश पुत्र सूरज निवासी पूडजेटी, रुद्रप्रयाग के रूप में की गयी है।

## घर में घुसकर महिला को चाकू से गोदा,हालत गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुल्यापुरा में एक महिला पर चाकू से हमला कर दिया गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में निजी अस्पताल में में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुल्यालपुरा में कुसुम गुप्ता अपने पति कालीचरण और एक बेटी के साथ रहती हैं। कुसुम की बेटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने का काम करती हैं। सोमवार की सुबह कुल्यालपुरा स्थित एक मकान में लड़ाई झगड़े की आवाज आ रही थी। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही एक मकान से एक युवक हाथ में चाकू लेकर वहां से फरार हो गया। जब लोग मकान में पहुंचे तो वहां देखा कुसुम जमीन पर लुहूलूहान हालत में पड़ी हुई है। उसका गला रेता गया था और पेट और कई अन्य जगह पर भी चाकू के निशान थे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक, एसएसआई महेंद्र प्रसाद, भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र राणा मौके पर पहुंच गए और घायल कुसुम को कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि हमला करने वाला कोई (शेष पृष्ठ सात पर)

## गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान स0 प्रीतम सिंह का निधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा गोल मार्केट के नव निर्वाचित प्रधान प्रीतम सिंह चावला का आज प्रात: निवास स्थान पर निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही सिख समाज के साथ ही नगरवासियों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित भारी संख्या में लोगों ने सिंह कालोनी गली नम्बर दो स्थित उनके आवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।। स्व. चावला समाजसेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणीय भूमिका निभाते रहते थे। इससे पूर्व भी वह गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा गोल मार्केट की प्रबंधन समिति में कई दायित्वों का निर्वहन कर चुके थे। स्व. चावला गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर भी चुने जा चुके हैं। इतना ही नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)



## कृत्रिम अंग पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा द्वारा संचालित विवेकानन्द सेवा केन्द्र द्वारा आज एक कार्यक्रम के दौरान 44 दिव्यांगजनों को कृतिम अंगों का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार गत 26 जुलाई को आवेदक दिव्यांगजनों के नाम लिए गये थे। आज उन्हें उपलब्ध कराये जाने वाले अंगों की नाप जोख कर तैयार करने के बाद अंग प्रदान किये गये। पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, दिनेशपुर, पौड़ी, सितारगंज, देहरादून, बरेली, रामपुर आदि शहरों से आये दिव्यांगजनों को जब कृतिम अंग प्रदान किये गये तो उनके चहरों पर खुशियां आ गई और उन्होंने संस्था का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संस्था के अंकुर अग्रवाल, हरीश ग्रोवर, अक्षय माहेश्वरी, विमल अरोरा, अभी अग्रवाल, संजय खेड़ा, वीरेन्द्र सुखीजा, अरविन्द अग्रवाल, शीशपाल सिंह, प्रतीक तुलसियान व संजय राधू आदि मौजूद थे।



## महिला पर ईंट से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प की अंजनी विहार कालोनी फुलसुंगा में मामूली विवाद में पड़ोसयों ने एक महिला पर ईंट से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका जिला चिकित्सालय में उपचार कराया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार अंजनी विहार कालोनी फुलसुंगा निवासी 35 वर्षीय मंजू देवी पत्नी अनूप चन्द्र यादव की पुत्री कुशी प्रात: घर से स्कूल के लिए रवाना हुई। इसी दौरान उसका पैर पड़ोसी द्वारा बनाई गई नाली पर पड़ गया और उसकी ईंट हिल गई। जिससे (शेष पृष्ठ 7 पर)

## युवती पर राकेश की हत्या करवाने का संदेह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस ट्रांजिट कैम्प में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटके मिले युवक के भाई ने सिडकुल में कार्यरत एक युवती पर उसके भाई की हत्या करवाकर शव फांसी पर लटका देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। गिरीराज पुत्रश वीरपाल सिंह मूल निवासी ग्राम ध नीनगला, थाना हजरतपुर, पोस्ट आजमपुर विसौरिया, जिला बदायूँ का कहना है कि उसका छोटा भाई राकेश डी ब्लॉक, ट्रांजिट कैम्प में किराये के मकान में रहता था। जो कि मैसर्स हिमालया, निकट लेबर अड्डा, सिडकुल पन्तनगर में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता था। 11 अगस्त को भाई राकेश अपने किराए के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर वह रूद्रपुर आया। उसे राकेश फॉसी पर लटका हुआ मिला तो उसने तुरन्त बड़े भाई मुकेश जो (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

## शांति व्यवस्था के लिए निकाला फ्लैग मार्च

किच्छा(उद संवाददाता)। बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद फैले उपद्रव को देखते हुए संपूर्ण भारत में हाई अलर्ट जारी किया हुआ है। इसी क्रम में किच्छा पुलिस द्वारा एवं आर एएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से संपूर्ण नगर में फ्लैग मार्च किया तथा नगर की शांति व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा एवं एवं आर ए एफ कमांडेंट प्रेम थापा तथा कमांडेंट के निरीक्षक संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च में मेरठ से 108 आर ए एफ की बटालियन जिममें 28 जवान शामिल थे, के साथ कोतवाली पुलिस के जवानों ने भी सहयोग करते हुए कोतवाली से फ्लैग मार्च शुरू किया जो मुख्य मार्केट होते हुए पंजाबी मोहल्ला कसाई मोहल्ला बरेली रोड आवास विकास होते हुए दरऊ चौराहे पर पहुंचा तथा वहां से पुन: वापस कोतवाली में आकर समाप्त हो गया। इस दौरान आर ए एफ व पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए फ्लैग मार्च को लेकर आम जनता में शांति व्यवस्था बनाए रखने का (शेष पृष्ठ सात पर)



## उत्तराखंड में 'दस नए शहर' बसाने की कवायद शुरू

### प्रमुख शहरों पर जनसंख्या के दबाव को कम करने के लिए धामी सरकार ने आगे बढ़ाए कदम, नए शहर बसाने का भार उत्तराखंड इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड के कंधों पर

-अर्श-

देहरादून। पिछले वर्ष सूबे की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की घोषणा की थी। प्रथम, राज्य के प्रमुख नगरों पर दिनों दिन बढ़ती आबादी के दबाव को काम करने के लिए 22 नए शहर बसाने की घोषणा एवं दूसरी भारतीय फिल्म उद्योग में उत्तराखंड की मजबूत उपस्थिति दर्ज करने के लिए फिल्म सिटी निर्माण की घोषणा। अपनी उपरोक्त दोनों घोषणाओं को धरातल पर उतरने के लिए अब धामी सरकार ने अपने कदम आगे बढ़ा दिए हैं। इस क्रम में जहां शीतकालीन राजधानी देहरादून से धनोल्टी मार्ग फिल्म सिटी के निर्माण का निश्चय किया गया है तथा देहरादून से धनोल्टी मार्ग पर फिल्म सिटी के लिए 107 एकड़ जमीन और कन्वेंशन सेंटर के लिए लालतप्पड़ के पास 57 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है ,वहीं प्रदेश में नए शहरों को बसाने का काम उत्तराखंड इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड (यूआईआईडीबी) करेगा। बताना होगा कि यूआईआईडीबी के गठन की घोषणा धामी सरकार ने पिछले दिनों ही कर दी थी ।अब बोर्ड ने अपनी अगली कार्यवाही पर अमल आरंभ कर दिया है।



इसके पूर्व प्रदेश के आवास विभाग ने प्रस्तावित नए शहरों के लिए भूमि चयन की कसरत आरंभ की थी, लेकिन वह 22 नए शहरों के लिए जमीन चिन्हित कर सकने के बजाय केवल 10 नए शहरों के लिए जमीन तलाश कर पाया। यहां पर यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि धामी सरकार ने प्रमुख शहरों पर लगातार बढ़ रहे आबादी के बोझ को काम करने के लिए प्रदेश में 22 नए शहर बसाने की योजना पिछले वर्ष बनाई थी। इनमें से 12 शहर गढ़वाल और 10 शहर कुमाऊं मंडल में बनाए जाने थे ,मगर आवास विभाग द्वारा केवल 10 नए शहरों के लिए जमीन का चयन कर पाने के कारण सरकार ने अमेरिकन कंपनी मैकेंजी को इतने ही शहरों का सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंप दी थी। खबर है कि अब मैकेंजी की रिपोर्ट के आधार पर नए शहरों के विकास का काम आगे बढ़ेगा ।बताने की जरूरत नहीं की इन शहरों के निर्माण की जिम्मेदारी यूआईआईडीबी ही संभालेगा ,क्योंकि सरकार ने पिछले दिनों इसी प्रयोजन के लिए इस बोर्ड का गठन किया था। सो, अब बोर्ड ने सरकार की मंशा अनुसार 10 नए शहरों के विकास को लेकर कसरत तेज (शेष पृष्ठ 7 पर)

# गुरुनानक शिक्षा समिति के चुनाव पर सियासी घमासान

## रविवार को चुनाव स्थगित होने के बाद दोनों पक्ष हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूनानक शिक्षा समिति में वर्चस्व को लेकर घमासान तेज होता जा रहा है। एसडीएम के आदेश के बाद चुनाव अधिकारी ने रविवार को प्रस्तावित चुनाव स्थगित कर दिये हैं। अब मामले को लेकर दोनों पक्ष हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल सियासी घमासान के चलते समिति का चुनाव शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि श्री गुरुनानक शिक्षा समिति प्रतिष्ठित संस्था है जो लम्बे समय से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। समिति के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं का संचालन किया जाता है। समिति में वर्तमान में 150 सदस्य हैं। इस समिति की प्रबंध कमेटी में पिछले कुछ वर्षों से वर्चस्व को लेकर खींचतान समय समय पर सामने आती रही है। समिति की प्रबंध कमेटी का आपसी विवाद कई बार उच्च न्यायालय भी पंहुचा है। इस बार भी समिति की प्रबंध कमेटी के चुनाव को लेकर घमासान मचा है। समिति में वर्चस्व के लिए कुछ लोग हर पैंतरा आजमाने को तैयार हैं। प्रबंध कमेटी की प्रबंध कमेटी के चुनाव के लिए इस बार 11 अगस्त रविवार की तिथि निर्धारित की गयी थी। इस चुनाव के लिए पिछले माह कई लोगों ने नामांकन पत्र भरे थे। अध्यक्ष पद पर नामांकन करने वाले डॉ मनमोहन सिंह, डॉ जगतार सिंह, जगतार सिंह टुरना और प्रबंधक पद पर नामांकन कराने वाले स. तजिंदर सिंह लाटू व स. निरंकार सिंह रंधावा का पर्चा चुनाव अधिकारी परमजीत सिंह 28 जुलाई 2024 को छोटी-छोटी त्रुटियों के चलते निरस्त कर दिया। जिसके खिलाफ उक्त लोगों ने उपनिबंधक फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स में शिकायत दर्ज की। शिकायत के बाद नियत प्राधिकारी उप जिलाधिकारी रुद्रपुर के समक्ष मामला आया तो उप जिलाधिकारी ने ना केवल उन सभी के खारिज नामांकनो को गलत ठहराया बल्कि चुनाव अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए कि चुनाव अधिकारी द्वारा जहाँ चुनाव प्रक्रिया में विहित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और ना ही वादी गणों को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान किया गया। उप जिलाधिकारी नें 9 अगस्त 2024 के अपने आदेश में चुनाव अधिकारी को भी आदेशित किया कि वह समस्त निरस्त किए गए वादी गणों के नामांकन पत्रों को स्वीकार करें और साथ ही उपनिबंधक फर्म्स सोसायटीज एवं चिट्स को भी निर्देशित किया गया कि उक्त आदेश के आलोक में चुनाव प्रक्रिया को विधिवत रूप से संपन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। एसडीएम के स्पष्ट आदेश के बावजूद प्रबंध कमेटी का चुनाव नहीं कराया गया। बल्कि चुनाव स्थगित करने का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी की ओर से साधारण सभा के सभी सदस्यों को सूचना जारी की गयी है कि प्राधिकारी, एसडीएम द्वारा समिति के चुनाव के सम्बंध में पारित किये आदेश को माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी जानी है, जिसके चलते 11 अगस्त को होने वाला मतदान स्थगित किया गया है। फिल्हाल अब गुरूनानक शिक्षा समिति की प्रबंध कमेटी का विवाद एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंचने वाला है। उधर दूसरा पक्ष भी मामले को लेकर हाईकोर्ट में मजबूती से लड़ाई लड़ने का मन बना चुका है। दूसरे पक्ष का आरोप है कि कुछ लोग अनियमितताओं की पोल खुलने के डर से समिति में ही बने रहना चाहते हैं।

## शिक्षा समिति को राजनीति का अखाड़ा ना बनायें: डा.मनमोहन सिंह

रूद्रपुर। समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा. मनमोहन सिंह शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली गुरूनानक शिक्षा समिति को राजनीति का अखाड़ा बनाने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति कई वर्षों से विवादों में रही है,समिति में चल रही



खींचतान खत्म हो, इस मंशा से उन्होंने गणमान्य लोगों के आग्रह पर समिति के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था, लेकिन उनका नामांकन और अन्य पांच लोगों का नामांकन मामूली त्रुटियों के चलते जानबूझकर खारिज कर दिया गया। यही नहीं जब एसडीएम ने नामांकन पत्रों को बहाल करने के स्पष्ट आदेश दे दिये तो इसके बावजूद भी चुनाव स्थगित कर दिया गया। इससे साफ जाहिर हो गया कि कुछ लोग समिति में स्थाई रूप से बने रहना चाहते हैं। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि वास्तव में इस विवादित संस्था में किसी पद पर रहने की उनकी न तो पहले कभी इच्छा थी और न ही अब है। शहर के गणमान्य लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने समिति का चुनाव लड़ने का मन बना लिया था, लेकिन अब समझ में आ गया है कि यह महज एक शिक्षा समिति नहीं बल्कि राजनीति का अखाड़ा है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक शिक्षा समिति के सियासी दलदल में फंसकर वह अपनी प्रतिष्ठा खराब नहीं करना चाहते। उन्होंने सलाह दी कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में काम करने वाली संस्था को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाना चाहिए, बल्कि सच्ची और निस्वार्थ भावना रखने वालों को इस संस्था की जिम्मेवारी सौंपी जानी चाहिए।

# पुलिस ने नशे के खिलाफ स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए तथा नशे द्वारा फैल रही बीमारियों और नुकसानों से अवगत कराया गया। नशे के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रही अभियान के तहत क्षेत्र कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में विभिन्न प्रकार के नशे की गिरफ्त में युवा वर्ग हैं। जिससे युवा वर्ग का कार्य कर रहे लोगों को मुख्य रूप से भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक छात्र को यह ज्ञान अवश्य होना चाहिए कि नशे के द्वारा जहां घर परिवार बिखेर रहे हैं। जागरूकता लाने की शपथ ग्रहण की। नशा के प्रति जागरूक करने के लिए कोलकाता चौकी प्रभारी धीरेंद्र पथ द्वारा भी गांव घाट की विभिन्न स्कूलों में क्षेत्रों में इनमें से एक के खिलाफ अभियान चलाते हुए छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिकों को भी जागरूक करने का प्रयास किया है। इस दौरान नशे







कोतवाली क्षेत्र एवं पुलभट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई के कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को शपथ शपथ दिलाई गई तथा इनमें से के द्वारा होने वाले नुकसान से तथा समाज में अपराधीकरण बढ़ने के कारणों से अवगत कराया गया। में विभिन्न प्रकार की बीमारियां बढ़ रही हैं तथा देश का युवा कमजोर हो रहा है। देश के युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा जिसमें अध्ययन अध्यापन इसका असर समाज और देश पर भी पड़ रहा है। इससे पूर्व सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं में जीवन में नशे का कभी प्रयोग न करने का संकल्प लिया तथा आसपास समाज में भी नसे के प्रति स्कूली छात्राओं को नशे के प्रति जागृत करते हुए शपथ दिलाई इसके अलावा कोलकाता थाना क्षेत्र में रविंद्र वेस्ट हुआ चौकी क्षेत्र में दीवान सिंह तथा लालपुर चौकी क्षेत्र में चौकी इंचार्ज द्वारा विभिन्न के खिलाफ अभियान चलाने के क्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमेश कुमार, एस आई विजय, महेश, एस आई धोनी,रेखा, देवराज, ब्रजमोहन, अपर उप निरीक्षक महेश आदि लोग मौजूद थे।

# महाविद्यालय में नशा उन्मूलन पर विचार गोष्ठी आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा नशा मुक्त अभियान अंतर्गत मानव संसाधन के विकास में नशा उन्मूलन की भूमिका पर विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर थाना किच्छा श्रीमती नीलम द्वारा उपस्थित प्राध्यापकों कार्मिकों तथा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में सब इंस्पेक्टर श्रीमती नीलम ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति को नहीं समाज एवं राष्ट्र को भी खोखला करती है। इस तरह नशा उन्मूलन व्यक्तिगत प्रयास होते हुए भी राष्ट्रनिर्माण एवं स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।प्राचार्य डॉ० राजीव रतन ने कहा कि संस्था में नशामुक्ति प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, प्रकोष्ठ में महाविद्यालय के विद्यार्थी, प्राध्यापक, कार्मिक एवं स्थानीय थाने के पुलिस अधिकारियों को शामिल



किया गया है। महाविद्यालय नशा मुक्त भारत अभियान के वार्षिक थीम - विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की महाविद्यालय में शुरूआत हो चुकी है। वर्षभर इस थीम अंतर्गत विविध रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महाविद्यालय में इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ० उमराव सिंह ने महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की वार्षिक योजना, गत वर्ष की कार्यक्रम आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रो० सेराज मोहम्मद, डॉ० प्रकाश भट्ट, डॉ० नरेश कुमार, डॉ० किरन बाला, श्री शुभम, कु लवली पाण्डे, श्री गौतम तथा रोशनी, प्रभा कुमारी, शाहनवाज, नयना, केसर, रहनुमा आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# योग आसन चैंपियनशिप में युवर्णा ने जीत गोल्ड मेडल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय दो दिवसीय योग आसन चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें पांच प्लस आयु वर्ग में युवर्णा आनन्द ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यूओयू के प्राध्यापक डॉक्टर भानु जोशी एवं प्रधानाचार्य रूपक पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉक्टर जोशी ने बच्चों को योगा के फायदे बताए एवं नियमित योगा करने के लिए प्रेरणा दी। सब जूनियर ट्रेडिशनल योग बालक वर्ग में कृष्णा जोशी ने स्वर्ण, भव्य राजवार ने रजत एवं रितेश सिंह ने कांस्य पदक जीता। 5+ आयु वर्ग में युवर्णा आनंद ने स्वर्ण पदक जीता।



# नगर में निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा: मुनि भुसरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने 13 अगस्त को नगर में निकाले



जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की।जिसमे तिरंगा यात्रा को सफल बनाने एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कार्यकर्ताओं को 'हर घर तिरंगा' अभियान एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को बढ़ाने को लेकर आवाहन किया।इस दौरान मुनि भुसरी ने कहा तिरंगा हमारे देश की शान है और इसका सम्मान करना हर भारतीय नागरिक का परम कर्तव्य है इस यात्रा के माध्यम से हम अपने देश के प्रति प्रेम और सम्मान को प्रदर्शित करते हुए पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का आवाहन समस्त देशवासियों से करेंगे। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं घर-घर में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करना हमारा प्रथम कार्य रहेगा। बैठक में विभिन्न स्तरों पर तिरंगा यात्रा की तैयारी की समीक्षा की गई। वहीं कार्यकर्ताओं ने भी उत्साह पूर्वक अपनी भूमिका निभाने का वचन दिया और अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत दिखाने की बात कही। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमारे उन वीर शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण नोच्छावर कर दिए उनके बलिदान के सम्मान के लिए तिरंगे के प्रति अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करें।

# भाजपाईयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)।शहीद उधम सिंह कंबोज धर्मशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर शहीद उधम सिंह कंबोज की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर गुंजन सुखीजा ने कहा कि आज अगर हम अपने हिंदुस्तानी होने पर गर्व कर रहे हैं तो इसमें सबसे बड़ा योगदान उनका है जिन्होंने इस देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया, उन्होंने कहा कि हम सबको प्रण लेना चाहिए कि हम 15 अगस्त को प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराएंगे। इस अवसर पर भाजपा



मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, राजेश गुंबर मिन्नी, सुभाष गुंबर, नरेश हुड़िया, सुरेश कंबोज, अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली, सोनू विश्वास ,निर्मल नारंग, सूरजभान गुप्ता,अश्विनी कुमार, जसवीर चीमा, हैप्पी चंद्र, आकाश कोचर, कुणाल रस्तोगी, हरीश रलहन,रवि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रद्दी कचरे पन्नियों से कात्यानी का बॉयलर हो रहा हीट!

**पर्यावरण पर गहराया संकट, गंभीर बीमारियों का खतरा**

**भ्रष्ट अधिकारी ही दे रहे हैं गैर कानूनी कार्यों को बढ़ावा**

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के सख्त निर्देशों के बावजूद यहां कुछ पेपर मिलों में बॉयलर को हीट करने के लिए ईंधन के रूप में लगातार कचरा व प्लास्टिक पन्नियां जलाई जा रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस मामले में लगातार तमाशबीन है। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में वातावरण में जहर घोलने का काम किया जा रहा है। पेपर मिलों की ऊंची ऊंची चिमनियों से निकलने वाले गाढ़े धुएं के कारण क्षेत्र में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है जिससे लोग श्वास फेफड़ा व नेत्र संबंधी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। प्रमुख समाचार पत्रों में खबरें निरंतर प्रकाशित होने के बावजूद कार्यवाही नगण्य है। इससे साफ जाहिर है कि सरकार व शासन आमजन व पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर किस हद तक संजीदा है। जानकारी के मुताबिक जसपुर रोड पर गांव कुदैयावाला में कात्यानी पेपर मिल संचालित है। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि पेपर मिल के संचालकों की सरकार व अधिकारियों में मजबूत पकड़ होने के कारण यहां अधिकांश गड़बड़ घोटाला है। बताया जा रहा है कि ट्रीटमेंट प्लांट इस पेपर मिल में चलाया ही नहीं जाता। यानी केमिकल युक्त विषैला पानी नदी नालों में छोड़ दिया जाता है। ओवरफ्लो होने पर यही पानी आसपास की खेती को लगातार बर्बाद कर रहे हैं। पूर्व में ग्राम हरिया वाला की एक जनप्रतिनिधि में इस पेपर में के खिलाफ कचरा और पन्नियां जलाने की शिकायत की थी। जांच में सही पाया गया। बताया जा रहा है कि ताकीद किए जाने के बावजूद कात्यानी पेपर मिलने दोबारा बॉयलर को हीट करने के लिए पन्नियों को जलाना शुरू कर दिया। पेपर मिल के आसपास तथा परिसर के अंदर कचरे का पहाड़ खुली आंख दिखा जा सकता है जिसे ईंधन के रूप में जलाने के लिए इकट्ठा किया गया बताया जा रहा है। हालिया घटनाक्रम के बारे में पता चला है कि पेपर मिल गेट की ठीक सामने हरिया वाला के एक व्यक्ति का खेत है। पेपर मिलने केमिकल युक्त पानी किसान के खेत में छोड़ दिया। किसान ने जब इसकी शिकायत लिखित रूप में की तो मिल के प्रबंधन ने ले देकर कानून से अपनी गर्दन बचा ली। इस तरह आए दिन इस पेपर मिल के आसपास रहने वाले किसान व ग्रामीण गतिविधियों से लगातार परेशान है। तमाम परिवारों ने घर छोड़ने का मन बना लिया है।



## नाबालिग भी करते हैं काम, लेबर इंस्पेक्टर वसूल रहे दाम

काशीपुर। श्रम विभाग के अधिकारी की गलत नीतियों के कारण इस पेपर मिल में ऐसे भी मजदूर कार्यरत बताए जाते हैं जो नाबालिग की श्रेणी में है। सूत्रों का कहना है कि श्रमिकों से 12 घंटे काम के बदले सरकार के द्वारा दिए गए मानकों के अनुरूप उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिलता। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर मिल प्रबंधन संजीदा नहीं है। ड्यूटी के दौरान अधिकांश कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जाते यही कारण है कि आए दिन पेपर मिल में गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो रही है। इस पेपर मिल के संचालन से आसपास के हजारों ग्रामीण बुरी तरह हलाकान है।

## सामंजस्य बनाने को रखा गया है कारखास

काशीपुर। पेपर मिल में चल रही घोर अनियमितताओं पर पर्दा डालने के लिए मिल प्रबंधन द्वारा अलग से एक व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। जानकार बताते हैं कि पेपर मिल का यह कारखास प्रदूषण विभाग, श्रम विभाग से लेकर जिला मुख्यालय में संबंधित विभाग के अधिकारियों से सामंजस्य बनाने का कार्य करता है। इस व्यक्ति को अलग से यह जिम्मेदारी दी गई है।

# सास ने दामाद और उसके दोस्तों के खिलाफ दी तहरीर

हल्द्वानी। एक महिला ने अपने दामाद से जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। नई बस्ती निवासी जाहिदा बेगम पुत्री मौलाना अब्बास ने एसएसपी को भेजे शिकायत पत्र में कहा है कि वह अपने बेटे के साथ रहती है। उसकी पुत्री सोफिया का विवाह वर्ष 2012 मे इमरान खां पुत्र इकबाल खां उर्फ (बालू) निवासी इन्द्रानगर एक मीनार की मस्जिद के पास हल्द्वानी के साथ हुआ है। उसका दामाद इमरान बिगड़ेल किस्म का व्यक्ति है और उसकी पुत्री के साथ मारपीट करता रहता है और कई बार मार-पीट कर उसकी पुत्री सोफिया को घर से निकाल चुका है। 3 जून को भी उसकी पुत्री के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया था तभी से उसकी पुत्री उसके साथ रह रही है। जिस कारण उसका दामाद उसके परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि वह घर में घुस कर उसकी पुत्री को तेजाब से जलाने व परिजनों को देख लेने की धमकी देता है। महिला का आरोप है कि 24 जून को उसका पुत्र मौ. दानिश अपने दोस्त मो. फरमान पुत्र काबुल के साथ अपने काम से इन्द्रनगर बड़ी रोड गया था। तभी उसके दामाद इमरान के छोटे भाई साहिल पुत्र इकबाल खां ने उसके साथ मारपीट कर दी जिसमें उसके पुत्र को गंभीर चोट आई है। महिला का कहना है कि उसने मामले की शिकायत बनभूलपुरा थाने में भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने एसएसपी से इस मामले में अधीनस्थों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# सरेबाजार सगी बहनों के साथ बदलसूकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरेबाजार दो सगी बहनों के साथ अश्लील बदसलूकी का मामला सामेन आया हैं। मौके पर एक युवक को पकड़कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। भगत सिंह चौक निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवर शाम साढ़े आठ बजे वह अपनी बहन के साथ्ज्ञ डोसा खाने के लिए गांधी पार्क के पास गयी थी। इस दौरान वहां पहले से खड़े तीन लड़के उनकी ओर अश्लील इशारे और छींटाकसी करने लगे। उन्हें इग्नोर किया तो उनमें से एक लड़का पास आया और बहन के पीछे गलत तरीके से लात मार दी। जब इसका विरोध किया तो वह गालियां देने लगा और सूट फाड़ने की कोशिश करने लगा। आस पास खड़े लोगों ने विरोध किया तो उक्त युवक के साथ मौजूद दो लड़के भाग गये। युवती ने बताया कि इसी बीच उसका भाई भी वहां आ गया। भाई और वहां मौजूद लोगों ने लड़के को पकड़ कर टुकटुक में बैठाकर चौकी पहुंचाया। इसी बीच वह रास्ते में भी गालियां और जान से मारने की धमकी देता रहा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# मनविंदर पाण्डे का जन्म दिन धूमधाम से मनाया

गूलरभोज (उद संवाददाता)। नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 के गांधी आश्रम में मुकेश राजभर के आवास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे की धर्मपत्नी मनविंदर पांडे का जन्मदिन केक काटकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया और मिष्ठान वितरण किया गया और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इस दौश्रान भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने श्रीमती मनिविंदर को जन्मदिन की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता अतुल पांडे, अनीता पांडे, सचिन यादव, बिट्टू यादव, नंदन सिंह कोश्यारी, अमित कुमार गुप्ता, गुरमेल सिंह, सूरज शाह, रमेश सागर, राजेश कुमार, मुकेश राजभर, शेष नारायण शुक्ला, बाबूराम कोली, धन सिंह सावंत आदि उपस्थित थे।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# सिक्स सिग्मा के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद,रुड़की द्वारा घोषित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं का परीक्षाफल घोषित किया जा चुका है। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के छात्र छात्राओं ने इस वर्ष भी बोर्ड की श्रेष्ठता सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान छात्रों को उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए बधाई तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करता है। बोर्ड द्वारा घोषित किए गए परीक्षाफल में प्रोडक्शन प्रथम वर्ष में नीरज सिंह गौनिया ने 76.7%, प्रोडक्शन द्वितीय वर्ष में प्रकाश चन्द्र ने 71.7%, प्रोडक्शन तृतीय वर्ष में विनोद कुमार कुशवाहा ने 81.3%,जबकि ऑटोमोबाइल द्वितीय वर्ष में हरीश चन्द्र देवरारी ने 80.5%, तृतीय वर्ष में वानखड़े सुहास गजानन ने 76.5%, जबकि सिविल द्वितीय वर्ष में हरीश जोशी ने 73.7%, तृतीय वर्ष में सौरभ गोस्वामी ने 72.4%,जबकि इलेक्ट्रिकल ब्रांच द्वितीय वर्ष में पारस पाल ने 75.2%, तृतीय वर्ष में पूनम कौर ने 82.5% प्रतिशत अंक सुरक्षित किए । इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, प्रबंधक सी. ए. शिव अरोरा व निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, प्रबंधकीय सदस्य वंश डाबर, शौर्य अरोरा,प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बठला तथा समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।


गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015


# एडीजी से की जानमाल की सुरक्षा की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भदईपुरा निवासी शिशुपाल पुत्र लेखराज ने अपर पुलिस महानिदेशक को पत्र प्रेषित कर उनसे जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पत्र में कहा गया गया है कि राजेश गंगवार व उसके साथियों ने उस पर जानलेवा हमले की कोशिश की। जिस पर 9 फरवरी 2023 को उच्च न्यायालय की शरण ली गई। इसके बाद 13 फरवरी को पुन: हमला करने के लिए पीछा किया गया। शिशुपाल का कहना है कि उन्हें कोई भी सुरक्षा न दिये जाने के कारण पड़ोसी युवक ने फिर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत करने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पत्र में शिशुपाल ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# सीएम से मिले पूर्व चेयरमैन टुरना

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर दिल्ली में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की, इस दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की कुछ समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें क्षेत्र की सड़क, नालिया, डामरीकरण,कच्चा निर्माण मार्ग, के अलावा क्षेत्र के सौंदर्यकरण की मांग की, इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में बच्चों के लिए पार्क बनाने, खेल मैदान के लिए स्टेडियम बनाने के साथ ही क्षेत्र की कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा। सीएम श्री धामी ने प्रेम सिंह टूरना को भरोसा दिलाते हुए कहा कि नानकमत्ता साहिब से उनका पुराना नाता है, जो कि उनके गृह क्षेत्र से भी लगा हुआ है, जहां का विकास करना मेरी प्राथमिकता में शामिल है, के द्वारा जो भी समस्याएं उनके समक्ष आएंगी, उनका तुरंत निराकरण किया जाएगा, श्री टूरना ने बताया कि सीएम श्री धामी क्षेत्र के विकास के लिए काफी गंभीर है, उन्होंने क्षेत्र की सभी समस्याओं को जल्द हल निकालने का आश्वासन दिया है।



# पशु चिकित्सालय मार्ग पर पक्का निर्माण करने की मांग

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत नानकमत्ता के अंतर्गत गुरुद्वारा रोड पर पशु चिकित्सालय को जाने वाले मार्ग के निर्माण के लिए पिछले 4 वर्ष से आवेदन देने के बावजूद भी सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है, गुरु नानक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बलदेव सिंह हरियान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को 4 वर्ष पूर्व गुरुद्वारा रोड पापेडा से पशु चिकित्सालय के मार्ग के निर्माण की मांग की थी, पूर्व प्रधानाचार्य ने बताया कि बरसात बरसों पुराने बने खड़ंजा मार्ग पर पानी भर जाने से आने जाने का रास्ता बंद हो जाता है, बरसों पूर्व बने खड़ंजा मार्ग को बनाने के लिए उनके द्वारा कई बार नगर पंचायत और उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मार्ग के निर्माण की मांग की थी, पूर्व प्रधानाचार्य का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा बजट का अभाव बताते हुए 4 वर्ष से मार्ग निर्माण नहीं किया गया है,जबकि नगर पंचायत द्वारा तब से अब तक कई निर्माण कार्य कराए जा चुके हैं, लेकिन इस निर्माण कार्य को लेकर नगर पंचायत का रवैया सही नहीं है, जिससे उन्हें व पशु चिकित्सालय में आने वाले लोगों को बरसात के दिनों में पानी भर जाने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मार्ग निर्माण करने की मांग की है।



# श्रद्धा के साथ मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव





रुद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव रामपुर रोड स्थित होटल में मनाया गया जहां दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा गुरु की महिमा का बखान किया गया ।उन्होंने बताया जगत नियामक सत्ता के साकार गुरु रूप में पूजन का पुनीत पर्व है ।इस देव दुर्लभ अवसर पर भजन संकीर्तन और सत्संग प्रवचन का भी आयोजन किया गया ।दिव्य ज्योति जागृती संस्थान की ओर से भजन व सत्संग किया गया। भजन कीर्तन के उपरांत बिलासपुर के अधिवक्ता अरविंद कुमार गुप्ता द्वारा भंडारा आयोजित किया गया।इस अवसर परसभी ने गुरू पूर्णिमा की शुभकामनायें दी। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के दर्जा राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, उत्तराखंड भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ, बिलासपुर के ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, भगवान सहाय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी , पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल , स्वामी उमेशानंद, रितु भारती ,योगेंद्र यादव, तरुनेश,राज कोली आदि मौजूद थे।










# खेलमंत्री ने पैरालंपिक वॉलीबॉल खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## खेल मंत्री रेखा आर्य ने खिलाड़ियों के साथ अभ्यास मैच भी खेला

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार में खेल मंत्री रेखा आर्य ने देहरादून स्थित एक निजी होटल में पैरालंपिक एसोसिएशन आफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की जहां उन्होंने उत्तराखंड पैरालंपिक वॉलीबॉल खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया साथ ही उन्होंने सभी के साथ अभ्यास मैच भी खेला । उन्होंने कहा कि निश्चित ही हमारे पैरालंपिक खिलाड़ियों ने अपने खेल के जरिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का कार्य किया है आज केंद्र और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हमारे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज हमारे दिव्यांग खिलाड़ी अपने खेल कौशल से देश और राज्य का नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं जिससे वह अपने खेल कौशल को आगे बढ़ा रहे हैं। खेल मंत्री ने कहा कि खेल के प्रति आज लोगो की सोच में बदलाव आया है। पहले जहां खेल को निम्न स्तर का माना जाता था आज वही खेल उन्हें ख्याति प्रदान कर रहा है। आज खेल के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट पर्दशन से हमारे खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देने के साथ ही भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।और सभी को आश्वाशन दिया कि राज्य सरकार उनके लिए और भी बेहतर काम करेगी। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष प्रेम को करने कहा कि उनको यदि ऐसे ही सरकार का सहयोग मिलता रहा तो एक वह दिन दूर नहीं जब ओलंपिक के हर खेल में पैरालंपिक का झंडा बुलंद होगा और उत्तराखंड का नाम पैरालंपियन एथलीट्स रोशन करेंगे। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि एवं संरक्षक पैरालंपिक संगठन सिंधु गुप्ता जी मौजूद रही वहीं प्रथम श्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष अनामिका जिंदल सोल फिट की डायरेक्टर रूपा सोनी एवं दून गर्ल्स स्कूल की प्रबंधक मोनिशा दत्ता एवं तेजस्विनी ग्रुप की फाउंडर प्रिया गुलाटी बतौर वशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर संगरक्षक सिंधु गुप्ता,प्रबंधक दून गर्ल्स स्कूल मोनिषा दत्ता, उपाध्यक्ष उमेश ग्रोवर,सचिव अमिता, सदस्य उमेश त्रिपाठी, पवन भट्ट, प्रिया गुलाटी, आदेश डबराल, हरीश चौधरी सहित एसोसिएशन के लोग एवं समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।










# आरएएन स्कूल में साउथ एशियन कोड आर्ट प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर।आर ए एन पब्लिक स्कूल में साउथ एशिया कोड आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों के द्वारा वहां उपस्थित विद्यालयों तथा निर्णायक मंडल के सम्मान में स्वागत गीत गाया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या भावना भनोट ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि कोडिंग और रोबोटिक की शिक्षा हमारे छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैद्य इस तरह की प्रतियोगिताओं के द्वारा हम छात्रों को 21वीं सदी के तकनीकी कौशल से सुसज्जित कर रहे हैं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए रोबोट नृत्य ने सबको मंत्र मुक्त कर दिया। कोड प्रतियोगिता में नेपाल के चार विद्यालयों तथा उधम सिंह नगर के नौ विद्यालयों से लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में चार तरहके कौशल विज्ञान प्रतियोगिता रोबोकॉर वार हैकथन तथा पिच परफेक्ट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान कौशल एवं आर्थिक साक्षरता को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने इस समारोह में कला का अद्भुत प्रदर्शन किया।प्रस्तुत किया गया प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। अंत में विद्यालय संस्थापक संचालक मोहित राय ने वहां उपस्थित निर्णायक मंडल तथा विद्यालयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली परिस्थितियों के लिए तैयार कर सकते हैं और भविष्य को सुरक्षित बनाने में सहायक होते हैं।






# शिव भक्तों ने किया शिवालयों में जलाभिषेक



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्रावण मास के चौथे सोमवार पर आज भी हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिरों में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवड़ियों द्वारा भी जलाभिषेक किया गया। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री अर्पित करने के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, संजय नगर, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर,भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर परिवार में मंगलमय होने की कामना की।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार



किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंडिया सिसई निवासी इमरान पुत्र मोहम्मद हनीफ ने कोतवाली में अपने मोटरसाइकिल पुरानी गल्ला मंडी के पास चोरी किए जाने की सूचना दर्ज कराई थी पुलिस द्वारा इमरान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी का अभियोग दर्ज कर दिया था। बीती सांय जब एसआई मनोज कुमार, एसआई अर्जुन पवार, कांस्टेबल जगमोहन, कांस्टेबल बसंती जोशी, कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के साथ सघन चेकिंग अभियान चला रहे थे तो बाइक पर आ रहे संदिग्ध लोगों को रोक कर पूछताछ की तो उन लोगों ने बताया कि वे लोग उक्त मोटर साइकिल सोहेल पुत्र सिराज निवासी वार्ड नंबर 18 सिरौली कला वाले से मांग कर लाए हैं।पुलिस द्वारा सोहेल को भी पकड़ कर पूछताछ की गई तो उसने पहले बताया कि उक्त मोटर साइकिल उसने खरीदी है।पुलिस द्वारा मोटर साइकिल के कागज मांगने पर उसने कहा कि कागज उसके भाई के पास हैं। इस पुलिस का शक बढ़ता चला गया।पुलिस द्वारा सख्ती करने पर उसने चोरी करने की बात स्वीकार कर ली।पुलिस द्वार मोटर साइकिल कब्जे में लेकर अभयुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रामप्रकाश गुप्ता का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राम प्रकाश गुप्ता को उत्तराखण्ड कर्मकार बोर्ड का सदस्य मनोनीत किये जाने पर स्वागत एवं सम्मान समारोह पंकज गुप्ता के प्रतिष्ठान पर आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश गुप्ता ने की, मंच का संचालन संरक्षक दयानाथ गुप्ता द्वारा किया गया । सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों द्वारा गरीब एवं असंगठित कर्मकारों को शासन की मंशा के अनुसार लाभान्वित करने



की बात कही गयी। वैश्य समाज के गौरव रामप्रकाश गुप्ता के द्वारा अपने विभाग के कार्य पद्धति पर विस्तार से समझाया गया ।कहा गया कि दबे, गरीब ,कुचले मजूदर वर्ग के लोगो को सुरक्षा प्रदान करायेगे। इस अवसर पर रामेश्वर जायसवाल, सत्यनारायण जायस वाल, पृथ्वी जायसवाल, अमरजीत गुप्ता, राहुल गुप्ता, लालू गुप्ता, ललित राठौर ,तरुण कुमार कन्हैया मध्येशिया, कमलेश मधेशिया, मूल चन्द्र राठौर,गौरव गुप्ता,सौरभ गुप्ता,, राकेश गुप्ता, गुरुशरण गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# अटल उत्कृष्ट विद्यालय में छात्राओं को दी अधिकारों की जानकारी

किच्छा(उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इण्टर कालेज में बाल संरक्षण पर जागरूकता अभियान के तहत छात्रों को बाल संरक्षण तथा उनके अधिकारों के अलावा बालिकाओं को चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, बाल विवाह, पोक्सो, बाल श्रम, गुड टच बेड टच,आदि के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्प लाईन एवं बाल कल्याण समिति ने अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इण्टर कालेज में बाल संरक्षण पर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, बाल विवाह, पोक्सो, बाल श्रम, गुड टच बेड टच,आदि के बारे में जानकारी दी। छात्राओं को जानकारी दी गई की चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों के लिए नि:शुल्क आपातकालीन सेवा हैं जिसके माध्यम से अनाथ, निराश्रित बच्चों की देखरेख और संरक्षण देकर सहायता की जाती है तथा उन्हें काउंसलिंग भी प्रदान की जाती है। जागरूकता अभियान के दौरान बाल कल्याण समिति की ओर से पुष्पा तथा चाइल्ड हेल्प लाईन से केंद्र समन्वयक चांदनी रावत और काउंसलर सुनील कुमार ने छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीमती डॉ सुनीता यादव ,डा.वीना पाठक आदि स्टाफ मौजूद था।




# छात्र–छात्राओं और अभिभावकों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



गदरपुर (उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजीव सरना के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गदरपुर के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र मोतियापुर के छात्रों एवं अभिभावकों के मध्य नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरबीएस के चिकित्सक डॉ विकास सचान द्वारा बताया गया कि नशा मुक्त भारत अभियान एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य भारत को नशीली दवाओं और शराब की लत से मुक्त करना है। यह अभियान सरकार, गैर–सरकारी संगठनों और समुदाय के सदस्यों के बीच एक सामूहिक प्रयास है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं और शराब के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नशीली दवाओं और शराब की लत से पीड़ित लोगों के लिए उपचार और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना, नशीली दवाओं और शराब की तस्करी और वितरण को रोकना, समुदाय को नशा मुक्ति के लिए सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह एवं सहायक अध्यापक मोहम्मद फुरकान तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती देवकी देवी, आरबीएसके स्टाफ नर्स सोनिया वैद्य के साथ आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय मोतियापुर के बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत के एन जोशी,फार्मासिस्ट आरबीएसके के द्वारा सभी लोगों को अपने क्षेत्र,ग्राम,ब्लॉक जिला एवं अपने राज्य को नशा मुक्त बनाने का प्रतिज्ञा दिलाई गई।

# मोमबत्ती जलाकर हिन्दू परिवारों की सुरक्षा की कामना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में स्थित श्री राधा गोविन्द मंदिर में गत सायं भाजपा नेता दिलीप अधिकारी व तरुण दत्ता के नेतृत्व में भरी संख्या में ट्रांजिट कैम्प वासियों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के साथ अत्याचार से दुखी होकर भगवान से एकजुट होकर प्रार्थना की कि वहां पर रह रहे हिंदुओं को ताकत और सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बांग्ला देश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। वहां कट्टरपंथी हिंदू परिवारों को निशाना बनाकर लगातार उनकी हत्या कर रहे हैं। साथ ही उन पर अत्याचार कर उनके घरों और धार्मिक स्थानों में आग लगा रहे हैं। जिस कारण वहां के हिंदू भाई डरे हुए हैं। उन्हें भविष्य की चिंता हो रही है। बांग्ला देश सरकार से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में सिर्फ भगवान ही सहारा हो सकता है। इसलिए ट्रांजिट कैम्प में सैकड़ो महिला पुरुषों ने मिलकर मंदिर में मोमबत्ती जलाकर भगवान से प्रार्थना की कि वहां पर रह रहे हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करें। इस अवसर पर परिमल राय, केके दास, प्रदीप शाह, शुभम दास, संजीव शाह, जितेन डे, अशोक मिस्त्री, कृष्ण पद विश्वास, शंकर विश्वास, रंजीत कुमार, हरण कुमार, गोपाल चक्रवर्ती, दिनेश सैनी, दीपक कीर्तनीय, अंगद भारद्वाज, बाबू सिंह, श्रीमती कोंकण देवी, विशाखा देवी, सरल मडल, सुभद्रा, रंजीत, सुमित्रा, कृष्णा देवी, पूनम सरकार, शेफाली शाह, विचित्र शाह, शंकर मंडल, दुर्गा देवी, लक्ष्मी मंडल, कजली राय आदि थे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# आमदनी पर कर्ज का बोझ

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत का पता इस बात से भी चलता है कि उसके बैंकों का कारोबार कैसा है। बैंकों का कारोबार मुख्य रूप से लोगों से जमा आकर्षित करने और उसे कर्ज के रूप में देकर उससे ब्याज कमाने से चलता है। मगर इस समय भारतीय बैंकों में जमा और कर्ज का अंतर काफी बढ़ गया है। इसे लेकर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की चिंता स्वाभाविक है। पिछले दिनों मौद्रिक समीक्षा के वक्त आरबीआइ के गवर्नर ने बैंकों से इस अंतर को पाटने के लिए विशेष योजनाएं चलाने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि बैंक ब्याज दरें निर्धारित करने को स्वतंत्र हैं। यही बात केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआइ गवर्नर के साथ बैठक में कही। वित्तमंत्री ने कहा कि बैंक अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान दें। लोगों से जमा आकर्षित करने के लिए वे आकर्षक योजनाएं चला सकते हैं। दरअसल, सार्वजनिक बैंक निवेश की कमी के चलते गंभीर परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। कायदे से बैंक अपनी ब्याज दरें रेपो दरों से आधा से लेकर एक फीसद तक ऊपर रख सकते हैं। मगर इस मामले में भी उन्हें कुछ राहत दी गई है, फिर भी उनके पास अपेक्षित जमा नहीं आ पा रहा। इसकी वजहें साफ हैं। पिछले कुछ वर्षों से लोगों की आमदनी लगातार कम हुई है। पहले जीएसटी की वजह से छोटे कारोबारियों पर बुरा असर पड़ा, फिर कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के बाद बहुत सारे कारोबार बंद हो गए, लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं। जिन लोगों के पास नौकरियां हैं भी, उनके वेतन में तुलनात्मक रूप से काफी कम बढ़ोतरी हुई है, जबकि महंगाई काफी बढ़ गई है। इस तरह बहुत सारे लोगों के पास बचत के लिए पैसे हैं ही नहीं कि उन्हें वे बैंकों में रखें। बल्कि इसका उलट यह हुआ है कि छोटे-छोटे काम के लिए भी लोगों को कर्ज लेने पड़ रहे हैं। कर्ज पर ब्याज की भरपाई करना भी बहुत सारे लोगों के लिए कठिन बना हुआ है। बचत के बारे में लोग तब सोचते हैं, जब उनके पास जरूरी खर्चों से अधिक आमदनी होती है। मगर सरकार लगातार इस हकीकत पर पर्दा डालने का प्रयास करती रही है कि रोजगार और आमदनी के स्रोत लगातार घटे हैं। कुछ दिनों पहले आम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने खुद दोहराया था कि बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है, गरीबी लगातार कम हो रही है। अगर सचमुच ऐसा होता, तो सरकार को इस तरह बचत बढ़ाने को लेकर चिंतित न होना पड़ता। बैंकों में लोगों द्वारा जमा बचत से राष्ट्रीय बचत बनती है। जिस देश के पास राष्ट्रीय बचत जितनी अधिक होती है, उसे अपनी विकास परियोजनाएं चलाने में उतनी ही आसानी होती है। मगर इस वक्त जब चालू खाते में जमा की दर चिंताजनक देखी जा रही है, तो लंबे समय के लिए चलाई जाने वाली बचत योजनाओं में निवेश को लेकर क्या ही दावा किया जा सकता है। अगर बैंक आकर्षक योजनाएं लेकर आएंगे और उन पर अधिक ब्याज की पेशकश भी करेंगे, तो कितने लोग आकर्षित हो पाएंगे, कहना कठिन है। सरकारी योजनाओं के तहत कर्ज देने की बाध्यता और उनके वापस न लौट पाने, फिर बड़े पैमाने पर कर्जमाफी के चलते भी सार्वजिनक बैंकों के जमा और कर्ज में अंतर आया है। ऐसे में, सरकार बुनियादी पहलुओं पर काम करने के बजाय बैंकों पर दबाव बना कर शायद ही इस समस्या से पार पा सकेगी।

# जीवन में कुछ कर गुजर जाने की तमन्ना ही युवावस्था की पराकाष्ठा है

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष

युवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस अवस्था में व्यक्ति, सामर्थ्यवान शक्तिशाली, चौतन्यवान, स्फूर्तिवान व अनेक गुणों से लबालब होता है, इस युवावस्था के ढलान के बाद इन गुणों में क्रमश: कमी आती जाती है । वैसे देखा जाये तो भारतीय युवक दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा अधिक संयत और समझदार पाये गये हैं। पश्चिमी दुनिया के युवक नशों के शिकंजे में अपने आपको जकड़ चुके हैं। वहीं वे मानव सभ्यता के विकास और सामाजिक जीवन की मर्यादाओं पर जरा भी विश्वास नहीं करते। उनका कहना है कि मानव समाज का संगठन प्रारंभ से ही कुछ गलत धारणाओं के आधार पर किया गया है। ऐसे समाज की जड़ खोदकर उसे समाप्त कर देना उनकी दृष्टि में एक पुण्य कार्य है। वहीं वे मर्यादाहीन उच्छृंखलता की सारी हदें पारकर चुके हैं। अमेरिका में देखिए वहां के पिस्तौल संस्कृति के चलते आए दिन युवा वर्ग कहीं भी किसी पर भी गोली चलाते नजर आते हैं। अब तो अमेरिकी सरकार भी इस विषय पर सजग हो गई है और आवश्यक कानून में परिवर्तन करने के लिए तैयार हो चुकी है। जबकि भारतीय युवा जगत में अभी ऐसी मर्यादाहीन उच्छृंखलता देखने को नहीं मिलती हैं। अब से पचास वर्ष पूर्व तक यहाँ का युवा वर्ग परिवार और समाज द्वारा अनुशासित था। अंग्रेजी शासन सरकारी नौकरी में नियुक्ति के समय युवकों की शिक्षा और व्यक्तिगत योग्यताओं के साथ उनके पारिवारिक परम्पराओं को भी महत्व देता था। इसलिये ये बाह्य व्यावहारिक जीवन में से आधुनिक होते हुये भी प्राय: जीवन के उन मूल्यों और अंधविश्वासों तक के प्रति भी आस्थावान बने रहते थे, जो उनके कुल में प्राचीनकाल से चले आ रहे थे। महात्मा गांधी ने सन् 1920 में युवा वर्ग को असहयोग आंदोलन में शामिल होन का आहवान किया। उक्त आंदोलन में सम्मिलित होने का अर्थ ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना ही नही था, वरन् अप्रत्यक्ष रूप से रूढ परम्परागत रीति रिवाजों के प्रति विद्रोह करके बहुत सी पारिवारिक और सामाजिक मर्यादाओं को छिन्न भिन्न करना भी उसके अंतर्गत शामिल था। फिर पुन:सन् 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश में युवा आंदोलन का दूसरा दौर शुरू हुआ युवा वर्ग भी इस समय इस भावनाओं को लेकर, कि वे एक स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिक हैं और उनकी भावना का कद्र होना चाहिये। ऐसी सोच के साथ चल रहे थे। दूसरी ओर नया शासक वर्ग ब्रिटिश शासनकाल से चली आई शिक्षा पद्धति को बिना बदले उन्हें अपनी मान्यताओं के अनुसार मर्यादाओं के नये सांचों में ढालना चाहता था। सन 1965 के बाद से भारतीय युवा आंदोलन में एक नया मोड़ आया। समझदार युवकों ने देखा कि रोजगार के दफ्तर खुले होने के बाद भी बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। दी जाने वाली शिक्षा का वास्तविक और व्यावहारिक जीवन में उपयोगी नहीं हो पा रहा है, वहीं भ्रष्टाचार और महँगाई निरंतर बढ़ती जा रही है। नैतिकता नाम की चीज समाज में कोई चीज नहीं रह गई है। गरीब और गरीब और अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, तब युवा वर्ग को अपनी निरुद्देश्य उच्छृंखलता का परित्याग कर, नवनिर्माण को किसी दिशा की ओर ले जाने वाले आंदोलन की आवश्यकता का एहसास हुआ। वे गम्भीर होकर विचार करने और अपने आंदोलन को सोद्देश्य बनाने की चेष्टा भी करने लगे, तभी गुजरात राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध हुआ आंदोलन एवं विधानसभा भंग करो आंदोलन का श्रीगणेश हुआ था।हमारे देश में इस समय युवा वर्ग की कुल जनसंख्या लगभग चालीस करोड़ के आसपास है, पर वह इतनी बड़ी शक्ति , संगठन के अभाव में बिखरी पड़ी है। युवावर्ग की ऐसी कोई संस्था नहीं है जो इस शक्ति का प्रतिनिधित्व कर सके। देश के विभिन्न राजनैतिक दल अपनी - अपनी षविचारधारा के अनुसार इसे संगठित करने का प्रयत्न करते हैं। फिर उनका उपयोग अपने ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिये प्राय: करने लग जाते हैं। भारतीय युवकों के सामने आज सबसे बड़ी समस्या अपने विचारों की दृढ़ता और नैतिकता को कायम रखने की है। हमारा देश आज राजकीय पूंजीवाद एकाधिकार तथा निजी पूँजीवाद एकाधिकार के कठिन संघर्ष के बीच से गुजर रहा है। दोनों ही अपने अपने तरीके से युवा वर्ग को आकर्षित करके पथभ्रष्ट करने का प्रयत्न कर रहे हैं। बाहरी तौर पर युवा वर्ग को नीति न्याय और सिद्धांत की बहुत सी बातें बताई जाती है। समाजवाद, जनतंत्र और धर्म निरपेक्षता के ऊंचे आदर्श उनके सामने रखे जाते हैं, किंतु युवाओं के सामने जब उन आदर्शों का हनन होता है तब युवा आक्रोश जाग उठता है । अध्यापक अभिभावक और सामाजिक नेता छात्रो को प्रत्यक्ष रूप में कुछ सीख देते हैं, पर ठीक उसके विपरीत आचरण करने के लिय अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करते हैं। युवक अपने स्वभाव से सच्चा ईमानदार और नैतिकता को आचरण पसंद करने वाला होता है। भ्रष्ट समाज का अनुभव उसे यह सिखाता है कि स्वयं भ्रष्ट हुए बिना वह समाज में अपने वजूद को भी कायम नहीं रख सकता। अत: आज आवश्यकता इस बात की है कि युवकों को दी जाने वाली शिक्षा जीवन के लिये उपयोगी बनाई जाय और युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा देने का प्रयास किया जाय। उसे किसी भी छुद्र स्वार्थ में ना लपेटा जाए। कहते है जिस प्रकार अग्नि के शांत होते ही उसकी प्रचण्ड लगने वाली ज्वालाएं समाप्त हो जाती है। वैसे ही मनो विकारों को मिटाते ही आत्म त्रुटि समाप्त हो जाते हैं। युवा वर्ग को इसीलिये सर्वप्रथम आवश्यकता है अपने मनोविकारी और विचारों पर पूर्ण नियंत्रण रखें। वैसे भी युवाओं में देश और समाज के लिए कुछ बडा कर जाने की महती इच्छा बलवती होती है, हर युवा चाहता है कि वह राष्ट्र व समाज हित के लिए किसी भी क्षेत्र में बड़ा काम कर सके। और ऐसी भावना के साथ अपनी कोशिशें जारी रखता है। बस जरुरत है उसको इस समय सही सीख देने वालों की सही राह दिखाने वालों की जो उसकी इच्छा और प्रतिभा को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने में पूर्ण रुप से सहयोगी और सहभागी बने। निश्चय ही एक युवा में इतनी अधिक क्षमता और साहस दृढ़ता व कुछ कर जाने की ऐसी तमन्ना विद्यमान होती है कि वह अपने उद्देश्य को पाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हो जाए -तो उसके लिए सारा कुछ आसान है। सारा जहां उसका है, सारा आसमां उसका है, सारी जमीं उसकी है।

– सुरेश सिंह 'बैस शाश्वत '

# शहर की सड़कों को एसडीएम, ईओ ने रोशनी से जगमगाया

## नगर पालिका क्षेत्र के आंतरिक मार्गों में बुझी लाइटें सही कराई

सितारगंज। नगरीय क्षेत्र के आंतरिक मार्गों में शिफ्ट की गई विद्युत लाइट खराब हो गई थी। जिस कारण सड़कों में अंधेरा पसरा रहता था। अंधेरा होने के कारण सड़क हादसे, अपराधिक वारदातें बढ़ने की आशंका बनी रहती थी। नगर पालिका के प्रशासक एसडीएम रविंद्र कुमार ने शहरी क्षेत्र की सड़कों में लगी लाइटों को नगर पालिका ईओ नौशाद हसीन की अगुवाई में ठीक कराया। अब शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्ग रोशनी से जगमग हो गए है। इसके अलावा उन्होंने एनएचएआई अफसरों से पीलीभीत मार्ग की खराब लाइटों को दुरुस्त कराया। नगर पालिका क्षेत्र के किच्छा, खटीमा, सिडकुल रोड, मुख्य चौराहा, अमरिया चौराहा आदि स्थानों पर शिफ्ट विद्युत पोल में लगी हुई अधिकांश लाइटें खराब हो गई थी। नेशनल हाईवे के अधीन अमरिया चौराहे से



लेकर जनता फार्म बाईपास तिराहे पर भी बिजली की लाइट नहीं जल रही थी। इस वजह से शहरी क्षेत्र और नेशनल हाईवे के मार्गों में अंधेरा कायम रहता था। अंधेरा होने के कारण सड़कों में सुरक्षित यातायात को लेकर खतरा बना रहता था। नगर पालिका के प्रशासक उप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सड़कों को अंधेरा मुक्त करने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन को निर्देशित किया। ईओ नौशाद हसीन ने बताया कि शहरी क्षेत्र के किच्छा, खटीमा, सिडकुल और नेशनल हाईवे के मार्गों में खराब विद्युत लाइटों को सही कर दिया है। अब शहर की सड़के लाइटों से जगमगा रही है। शहरी क्षेत्र में सुनिश्चित जल निकासी के लिए नगर पालिका प्रशासन के सफाई कर्मियों की टीम विभिन्न वार्डों में तलीझाड़ सफाई करने में जुटे है। सफाई कर्मियों की टीम लंबे समय से छोटे बड़ों नालों को साफ कर रहे है।

# भारत विकास परिषद का तीज उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा कठगोदम का तीज उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ रितु त्रिपाठी ( स्त्रीरोग विशेषज्ञ) एवं डॉ प्राची बिस्ट , सचिव नीलम शर्मा, महिला संयोजिका गरिमा सिंहल ने दीप जलाकर किया। प्रारंभ में सोलो एव ग्रुप डांस गरिमा सिंहल, अंजू भट्ट, अक्षिता सिंघल ,रेणुका गर्ग, रेणु बिस्ट, सुजाता माहेश्वरी, रश्मि जैन, नीलम बाटला , पूनम, नीतू मित्तल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।डॉ रितु त्रिपाठी ने पोस्ट मेनोपोसल सिंड्रोम विषय की जानकारी बचाव, एव निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में बहुत ही सुंदर फन गेम हुए, विभिन्न फूड स्टाल का आयोजन किया गया। डेण्टल सर्जन डॉ प्राची ने ओरल हेल्थ की जानकारी दी। ममता खुल्लर, अरुणा सक्सेना, बन्दना डेरोलिया,आभा गुप्ता, सुरभि शर्मा एव सभी महिला सदस्यों नेने रैंपवाक में भाग लिया। इस दौरान तीज क्वीन सुजाता माहेश्वरी, प्रथम रनरअप अपर्णा नेगी और द्वितीय रनरअप रेणू बिस्ट चुनी गयी।



# किच्छा में खेल स्टेडियम बनाने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। हिंद डिफेंस अकादमी के प्रशिक्षक अरमान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं खेल व युवा कल्याण मंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित कर नगर मे युवावों के प्रशिक्षण हेतु खेल स्टेडियम बनाए जाने की मांग की है। प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि विगत वर्षों के प्रयासों से क्षेत्र के युवाओं को देश सेवा में योगदान के लिए प्रेरित कर सफलता पूर्वक, अग्निवीर, सेना पुलिस व राष्ट्रीय खेलों में प्रशिक्षण देकर लक्ष्य तक पहुँचाया गया, लेकिन युवाओं के प्रशिक्षण स्थल का सीमित व वर्तमान में असहज स्थिति को दूर कर, अभियान को जारी रखने के लिए मिनी क्रीड़ा मैदान या अन्य ऐसे संस्थानों के संस्थाध्यक्षों को निर्देशित कर सहयोग करवाने की कार्यवाही करें।ज्ञापन में कहा गया है कि वह एक फिजिकल ट्रेनर के रूप में वर्ष 2019 से हिन्द डिफेन्स एकेडमी के माध्यम से युवाओं को उक्त विषयक उद्देश्यों के लिए तैयार किया रहा है। जिसमें अग्निवीर योजना के दर्जनों युवाओं का चयन के साथ-साथ भारतीय सेना में 35 अभ्यर्थी, उत्तराखण्ड पुलिस में-07 युवा व अन्य राज्य में पुलिस सेवा में सैकड़ों युवाओं का चयन संस्था के माध्यम से निरन्तर गतिमान है। कुछ युवाओं का रुझान एथलेक्टिस में होने से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके है। वह स्वयं भी राष्ट्रीय स्तर पर 1500 मीटर दौड़ में सिल्वर मैडल हॉफ मैराथन में ब्रान्ज मैडल प्राप्त कर चुके है।वर्तमान में क्षेत्र के युवक/युवितयां संस्था के माध्यम से राष्ट्रसेवा में योगदान हेतु संस्था से जुड़े है। जिनकी संख्या लगभग 100 से अधिक हो गयी है तथा उनके शारीरिक प्रशिक्षण हेतु मैदान का अभाव हो गया है अतीत में अलग-अलग खुले स्थान का उपयोग कर लिया जाता था लेकिन अब संस्थाध्यक्षक प्रांगण उपयोग के लिए अनुमति देने से इन्कार कर रहे है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जब तक स्टेडियम नही बन जाता तब तक राजकीय आदर्श महाविद्यालय किच्छा व किच्छा चीनी मिल के प्रांगणों का उपयोग किया जा सकता जिसके लिए संबंधित संस्थान के अध्यक्षों को संस्थान उपयोग कराने के दिशा निर्देशन दे दें ।ज्ञापन में कहा गया है कि संस्था के प्रांगण की मरम्मत व स्वच्छता का उपयोग हिन्द डिफेन्स एकेडमी करने के लिए वचनबद्ध रहेगी।

# गदेरे में बहने से महिला की मौत

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील की द्योनाई घाटी में गधेरा पार करते समय एक महिला तेज बहाव में बह गई। डेढ़ किमी दूर जाकर महिला का शव बीच गधेरे में अटका मिला।सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची राजस्व पुलिस की टीम ने शव कब्जे में ले लिया। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बागेश्वर भेज दिया गया है। राजस्व पुलिस क्षेत्र नौगांव के अंतर्गत दूरस्थ गांव रणकुड़ी निवासी रतन नाथ का परिवार मेहनत-मजदूरी और बकरी पालन कर अपनी आजीविका चलाता है। रविवार को रतन नाथ का पूरा परिवार बकरी चराने पास के जंगल की ओर जा रहा था। जंगल में भयंकर वर्षा हो रही थी। रतन नाथ की कुछ बकरियां पणपानी गधेरे के पार चली गई। उसकी तीस वर्षीय पत्नी नीमा देवी व चौदह वर्षीय लड़का पंकज बकरियों को वापस लाने गधेरे को पार कर रहे थे।



अचानक गधेरा उफान पर आ गया और पैर फिसलने से नीमा देवी गधेरे के पत्थरों में लगी काई में चोटिल हो गई और चोटिल होकर तेज बहाव में बह गई,जबकि मृतका के बेटे पंकज ने उछलकर अपनी जान बचा ली।वही उफनते गदेरे के नाले में तेज बहावमें बही महिला नीमा देवी का शव घटनास्थल से डेढ़ किमी आगे नाले के बीच मिला।जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार निशा रानी, कानूनगो दयाल मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। बमुश्किल गधेरे के तेज बहाव से मृतका का शव बरामद किया। राजस्व पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बागेश्वर भेज दिया है। इस घटना से पूरा गांव हतप्रभ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र प्रभावित परिवार को मुआवजा देने और परिवार के भरण-पोषण की व्यवस्था करने की मांग की है।

# हरियाली तीज उत्सव का प्रकृति से अनूठा संबंध : गुरमीत कौर







## मुख्यमंत्री आवास में हरियाली तीज पर्व पर सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री आवास में हरियाली तीज पर्व के अवसर पर सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती गुरमीत कौर एवं श्रीमती गीता धामी (आयोजक) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सावन उत्सव कार्यक्रम में तीज पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तराखण्ड के लोक गीत और लोक नृत्य शामिल रहे। कार्यक्रम में श्रीमती गीता धामी ने सभी मेहमानों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सावन उत्सव कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। श्रीमती गुरमीत कौर ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी यहां सावन उत्सव के लिए एकत्रित हुए हैं। सावन में संपूर्ण धरती खिल जाती है। उत्तराखण्ड राज्य हरियाली से आच्छादित है। यहां कोने-कोने में हरियाली है। सावन का महीना हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है एवं प्रकृति और मानव के बीच के अनूठे संबंध को भी दर्शाता है। सावन में कई त्योहार आते हैं। रक्षाबंधन, नागपंचमी और तीज जैसे त्योहार हमारे रिश्तों को मजबूत करने और पारिवारिक बंधनों को और गहरा करने का अवसर प्रदान करते हैं। श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं शक्ति का प्रतीक हैं। हमारे राज्य की महिलाएं सबसे मेहनती होती हैं। हरियाली तीज का उत्सव हमारे जीवन में नई उमंग और ताजगी लाता है। जैसे प्रकृति हरी-भरी होती है, वैसे ही हमारे जीवन में भी खुशियों और प्रेम का संचार होना चाहिए। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का भी महत्वपूर्ण समय है। शिवभक्त इस समय विशेष पूजा-अर्चना और उपवास रखते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। श्रीमती गीता धामी ने सावन उत्सव कार्यक्रम में सभी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि हरियाली तीज का त्योहार सौंदर्य, प्रेम, उमंग और सुहाग का त्योहार है। यह त्योहार हम सभी को एक मंच में आने और खुशियां बांटने का सुखद अनुभव करवाता है। सावन मास हरियाली का प्रतीक है। यह महीना भगवान शिव और पार्वती को समर्पित है। तीज त्योहार हमें पारंपरिक वेश-भूषा, रीति रिवाजों और परंपराओं से जोड़ने का काम करता है। त्योहारों को मनाने से ही हम अपने रीति रिवाज और संस्कार जीवित रखते हुए इन्हें भविष्य तक पहुंचा पाएंगे।श्रीमती गीता धामी ने कहा कि हम सभी इस सावन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान के क्रम में पर्यावरण संरक्षण हेतु (एक पेड़ मां के नाम) अभियान के तहत पौधारोपण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी सेवा संकल्प फाउंडेशन के माध्यम से पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला रही हैं। हम सभी को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना है एवं अन्य लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा पर्यावरण जीवित है, तब तक हमारा जीवन सुरक्षित है। इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष महिला आयोग श्रीमती कुसुम कंडवाल, अध्यक्ष बाल आयोग श्रीमती गीता खन्ना, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मधु चौहान, विधायक श्रीमती सविता कपूर, विधायक श्रीमती सरिता आर्य, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पद्मश्री श्रीमती बसंती बिष्ट, श्रीमती चांद गुलाटी, श्रीमती आकांक्षा, श्रीमती दीपाली सिंह, श्रीमती अनीशा गुलाटी, श्रीमती वेनू ढिंगरा, लोक गायिका श्रीमती माधुरी बर्थवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े मोटरसाईकिल चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सिसई खेड़ा बाजार से चोरी हुई मोटरसाइकिल का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में लग गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को दी तहरीर में मुकेश सागर पुत्र तारा चन्द सागर निवासी वार्ड नं० 6 सितारगंज ने कहा है कि सिसई खेड़ा बाजार में बूट हाऊस के नाम से दुकान है, जो सिसईखेडा बाजार में जोशन तराई सीड के ठीक सामने साधूनगर रोड सिसईखेडा में स्थित है, रोजाना की भांति अपने प्रतिष्ठान पर आकर अपनी मोटरसाईकिल नं० यूके 06एएम4850 जो दुकान के सामने बाहर खड़ी कर दी थी 8 अगस्त को दोपहर दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाईकिल से आये उनमें से एक व्यक्ति मोटरसाईकिल में अपने पास से चाबी लगाकर मोटरसाईकिल लेकर भागने लगा,नजर पड़ने पर प्रार्थी अपनी मोटरसाईकिल को पकडने के लिए भागा, किन्तु मोटरसाईकिल व वह व्यक्ति प्रार्थी की पकड में नहीं आया और मोटरसाईकिल चुराकर भाग गया यह घटना बाजार में मौजूद सी०सी० टी०वी० कैमरों मे कैद हो गई है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं क्षेत्र में लगातार तीन मोटरसाइकिल चोरी होने से चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी थी।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सुभाष चन्द्र (SUBHASH CHANDRA) था अब मैंने अपना नाम बदलकर सुभाष चन्द्र बजाज (SUBHASH CHANDRA BAJAJ) रख लिया है। भविष्य में अब हर विवरण में मुझे मेरे नये नाम सुभाष चन्द्र बजाज (SUBHASH CHANDRA BAJAJ) से ही सम्बोधित किया जाए।

सुभाष चन्द्र बजाज पुत्र श्री राम प्रकाश निवासी-वार्ड नं-8, अम्बेडकर नगर, सितारगंज, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)


## मित्र पुलिस ने गिरे हुए 19,500 रुपए लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नगर में एक व्यक्ति के होटल में जेब से गिरे हुए रुपए वही छूट गए थे, जिसके बाद इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को मिली, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने ईमानदारी का परिचय देते हुए व्यक्ति को उसकी खोई हुई धनराशि लौटाई।नेपाली मूल के वीर बहादुर थापा पुत्र शेर बहादुर थापा हाल निवासी मोटासिमल बागेश्वर जो थाना कोतवाली बागेश्वर आया था,उसके द्वारा बताया गया कि उसके जेब में 19,500 रुपए थे जो कि बाजार में कहीं खो गए थे। सूचना पर कोतवाल कैलाश सिंह नेगी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए चीता मोबाइल में नियुक्त पुलिस कर्मी आरक्षी गिरीश बजेली तथा आरक्षी मनीष मवारी को पीड़ित द्वारा बताए अनुसार स्थान पर भेजा गया। जहां होटल स्वामी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बताया कि शराब के नशे में होने के कारण पैंसे वहीं गिर गए थे। जिसके बाद उक्त व्यक्ति को आवाज दी परंतु उसने नहीं सुना जिस कारण मैं इन पैंसों को थाना कोतवाली में जमा करने जा रही थी। होटल स्वामी की इस ईमानदारी की प्रभारी निरीक्षक द्वारा सराहना की गई। तथा नेपाली मूल के व्यक्ति द्वारा पुलिस तथा होटल स्वामी का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया गया।



## एक पेड़ मां के नाम व घर-घर तिरंगा अभियान चलाएगी भाजपा: मेहरा

पंतनगर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी एक पेड़ मां के नाम व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में घर-घर तिरंगा अभियान चलाएगी। इसको लेकर पंतनगर के सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम का अभियान पूरे उत्तराखंड में चलाया जाएगा। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रत्येक घर में तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि




भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित व राष्ट्र प्रेम की भावनाओं को लेकर देश की जनता से वार्ता करती है क्योंकि यदि राष्ट्र है तभी देश की जनता का वजूद है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय एक पेड़ मां के नाम व घर-घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रभक्ति का परिचय दें। इस दौरान किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, राकेश सिंह, अनिल यादव, सुरेश गौरी, हरीश जोशी, अनिल यादव, दिग्विजय खाती, आशीष डांडा, धनंजय यादव, विवेक सक्सेना, गिरीश चतुर्वेदी, हरीश पपोला, आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत सक्सेना किया। कार्यक्रम के अंत में आरएसएस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में दस नये..**कर दी है ।जिन स्थानों पर नए शहरों का विकास प्रस्तावित है, उनमें छरबा सहसपुर, आर्केडिया (दोनों देहरादून), गौचर (चमोली), डोईवाला, रामनगर, हल्द्वानी गौलापार (दोनों नैनीताल) , पिथौरागढ़ (नैनी-सैनी एयरपोर्ट), पराग फार्म किच्छा, रुद्रपुर, काशीपुर (तीनों ऊधमसिंह नगर) शामिल है।

**युवती पर राकेश की ..**सिडकुल में औरंगाबाद ऑटो लि. में सीएनसी ऑपरेटर के पद कार्यरत है को फोनकर बुलाया एवं राकेश को फांसी से उतारा। देखा कि राकेश के सिर के पीछे काफी गंभीर गुम चोंटे थी। उसे शक है भाई को किसी ने गला दबाकर व सिर पर, किसी चीज से वार कर फॉसी पर लटका दिया है। गिरिराज का कहना है कि मृतक भाई राकेश जिस कम्पनी में काम करता था उसी कम्पनी में एक लड़की भाई को ब्लैकमैल करती थी। शक है कि उसी लड़की ने भाई राकेश को मरवा दिया है।

**शांति व्यवस्था के लिए...** संदेश प्रसारित हुआ है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में सत्ता पलट के बाद उपजे उपद्रव के कारण संपूर्ण भारत में हाई अलर्ट है। पुलिस प्रशासन सहित अर्ध सैनिक व सैनिक बलों को हाई अलर्ट में रखा हुआ है तथा प्रत्येक क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम किए जाने की कार्यवाही शुरू किया हुआ है।

**गुरूद्वारा सिंह सभा के...**उन्होंने रोड़वेज डिपो में सेवा काल के दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में हमेशा कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष किया। उनके दो पुत्रों कुलदीप सिंह व राजेंन्द्र सिंह व पुत्री रंजीत कौर का विवाह हो चुका है। स्व. चावला का आज सायं 5 बजे अंतिम संस्कार किया जायेगा।

**महिला पर ईंट से किया..**क्रोधित होकर उन्होंने कुशी को बुरी तरह से डांट दिया। आवाज सुनकर जब कुशी के माता पिता बाहर आये तो उनकी पड़ोसियों से बहस हो गई। मंजू देवी का आरोप है कि पड़ोसियों ने उस पर ईट से हमला कर दिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। उपचार के दौरान सिर में कई टांके लगाये गये हैं।

**घर में घुसकर ..**और नहीं बल्कि घायल महिला का ही भतीजा है। घटना का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि महिला पर चाकू से हमला किसने किया है, इसकी जांच की जा रही है। मामले का जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।

## आशाओं को दी आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नगर निगम सभागार में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय द्वारा आशा रिफ्रेशर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का सुभारम्भ डा० आलोक कुमार शुक्ला जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन जिला कार्यकम प्रबंधक अधिकारी सुनीता भट्ट के देखरेख में किया गया। प्रशिक्षण में आशाओं को योग, आयूर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति से होने वाली चिकित्सा के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर डा. विरेन्द्र सिंह रौतेला, आयुष मिशन नोडल डा. मनविन्दर सिंह पाल एवं डा. राकेश कुमार द्वारा आशाओं के प्रशिक्षण सम्बन्धित लेक्चर दिये गये। साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित हुई आशाओं द्वारा पूछे गये फिल्ड वर्क एवं चिकित्सा सम्बन्धी प्रश्नों का निराकरण किया गया साथ ही कार्य को किस प्रकार सुगमता से किया जा सकता है बताया गया। प्रशिक्षण में आयूर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय आयुष मिशन नोडल अधिकारी डा० मनविन्दर पाल सिंह, डीपीएम सुनीता भट्ट, ड० विरेन्द्र सिंह रौतेला, डा० राकेश कुमार, पंकज कुमार, मनोज कुमार, राजकुमार आदि उपस्थित रहें।



## वाहन चालकों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक अपराध यातायात के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात की उपस्थिति में आज यातायात कार्यालय इंदिरा चौक परिसर में अरोरा हॉस्पिटल के सौजन्य से यातायात पुलिस, सीपीयू द्वारा स्लीप ऐपनीया का स्वास्थ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें शहर क्षेत्र में चलने वाले ट्रक, बस, टुकटुक, टेंपो एवं कार चालको को व आम जनमानस का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आम जनमानस को उक्त कार्यक्रम में स्लीप ऐपनया प्रशिक्षण करने के साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार के खिलाफ निकाला शांति मार्च






रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बांग्ला देश में हिन्दुओं के नरसंहार के खिलाफ गत सायं बंगाली महासभा व विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा शहर में शांति मार्च निकाला गया। जो गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा। बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साहा ने कहा कि बांग्ला देश में सरकार का तख्ता पलट होने के बाद से लगातार कट्टर पंथियों द्वारा हिन्दू परिवारों को निशाना बनाकर उनकी हत्याएं की जा रही हैं और उनके घरों के साथ ही धार्मिक स्थानों को आग के हवाले किया जा रहा है। आज बांग्ला देश से लाखो हिन्दू परिवार अपनी सुरक्षा से चिंतित होकर भारत आने के लिए बैचेन हैं। उन्हें अपने भविष्य की चिंता हो रही है। शांति मार्च के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में बांग्ला देश में हिन्दू परिवारों पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने व हिन्दू परिवारों की सुरक्षा के लिए अपने स्तर से ठोस कूटनीतिक कदम उठाने का आग्रह किया गया है। शांति मार्च गांधी पार्क प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होकर गुजरा। इस दौरान भारत भूषण चुघ, विजय मंडल, गणेश सरकार, राधेश शर्मा, बलाई विश्वास, ममता गोलदार, सुशील गाबा, सोनू अनेजा, हिमांशु सरकार, राकेश सिंह, अनिल चौहान, सुशील यादव, नीलकंठ राणा, राजेश शर्मा, विजय बाजपेई, सचिन मुंजाल, सुदेव दास गुप्ता, विजय डे, देबू मंडल, राज कोली, गोविंद राय, रविन्द्र धर, मुकेश मिस्त्री, राजेश भट्ट, सपना, अलका गोयल, विराट आर्य, प्रीति धीर, ममता जीना, प्रमिला विश्वास, ईश्वरी प्रसाद राठौर, बबलू सागर, सनी पासवान, मलीना, रेखा, रीता, कमला, तारा, अनीता, रजनी, दुलाली, आरती, सुमित्रा, अनामिका, अर्चना कनक, बबीता, कविता, हेमलता, सरस्वती, शिव कुमाीर राय, दीपक, शिव मल्लिक, तारा सरकार, नारायण पाल, विष्णु सरकार, विकास, नीलू, सुशील, मधु सरकार, तपन मजूमदार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।






## बांग्लादेश के हालातों पर हस्तक्षेप करे सरकार:बेहड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड ने बांग्लादेश में मौजूदा बिगड़ते राजनीतिक माहौल तथा विगत दिनों से बांग्लादेश में चल रहे उत्पात के माहौल के प्रति अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू बंगाली समुदाय के साथ अत्याचार व लूटपाट की खबरे आ रही है, जो की अति चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश में छात्र संगठन सरकारी नौकरियों में आरक्षण का विरोध कर रहे है। छात्र नेताओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से पद छोड़ने की मांग की और सविनय अवज्ञा आंदोलन की घोषणा की है। बांग्लादेश में लोग अपनी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना ही मुल्क छोडना पड़ा जिसके बाद वहां माहौल और बिगड़ गया और भारी तादात में लोग मारे गए हैं तथा वहां रह रहे



हिंदू तथा बंगाली समुदाय के लोगों के साथ बर्बरता व अत्याचार की खबरें आ रही जिससे लगातार वहां के लोगों में भय का माहौल है और अधिकांश बंगाली समुदाय के लोग ऐसे भी हैं जिनके रिश्तेदारी भारत से ताल्लुक रखती है। पूर्व मंत्री एवं विधायक बेहड ने कहा कि भारत सरकार को इस विषय में अपनी गंभीरता दिखाते हुए तत्काल कोई निर्णय लेना चाहिए तथा बांग्लादेश में चल रहे माहौल में अपना हस्तक्षेप करना चाहिए तथा वहां रह रहे भारतीयों तथा वहां के हिंदू तथा बंगाली समुदाय के लोगों को सुरक्षा प्रदान कराई जानी चाहिए। अन्यथा बांग्लादेश में माहौल और खराब हो सकता है और जान माल का अधिक नुकसान हो सकता है। बेहड ने कहा कि पड़ोसी देश होने के नाते हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है और वे केंद्र सरकार से मांग करते है कि बांग्लादेश में अपने लोगों को सुरक्षा प्रदान कराई जाये।

## महिलाओं को वितरित किये तुलसी के पौधे

रूदपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा सावन के चौथे सोमवार को भी विभिन्न मंदिरों में पहुंची, जहां उन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना की, और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया स उसके पश्चात उन्होंने घर–घर तुलसी अभियान के तहत सैकड़ो महिलाओं को तुलसी के पवित्र पौधे प्रदान किये। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि सावन के पवित्र माह में घर–घर तुलसी का पौधा लगाना बहुत शुभ माना गया है, इसी के मद्देनजर वह प्रतिवर्ष सावन माह में 5000 तुलसी के पौधे वितरित करने का कार्यक्रम करती हैं, उन्होंने कहा कि तुलसी गंगा जल की तरह पवित्र है, और यह धार्मिक कार्यों के साथ–साथ अन्य कार्यों में भी प्रयोग में लाई जाती है,यह विघ्न विनाशक है, और इस पौधे का हर घर में होना अनिवार्य है ।इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ने आवास विकास स्थित बृहस्पति देव मंदिर, सुभाष कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा की, और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया स इस अवसर पर उन्होंने पंडित सुरेश चंद्र शर्मा को पीत वस्त्र डालकर एवं तिलक कर उनका स्वागत किया,और आशीर्वाद प्राप्त किया, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे ।



## बंगलादेशी हिंदुओं की विपक्ष को चिंता नहीं: शर्मा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बांग्लादेश में हो रही हिंसा की प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कड़ी निंदा करते हुए ईश्वर से कामना की है कि हालात जल्द ही सामान्य हों लेकिन इस बीच मेरा विपक्ष से सवाल है कि अब शांत क्यों है क्या आपको बांग्लादेशी हिंदुओं की चिंता नहीं है। विपक्ष अपना स्टैंड क्यों स्पष्ट नहीं कर रहा। अब क्या इनके मुँह में दही जम गया है। विपक्ष जल्द ही अपनी स्थिति स्पष्ट करे अन्यथा विपक्ष के नेताओं का घेराव करेंगे। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा दुनिया के किसी भी देश में अगर किसी विशेष समुदाय के लोगों के साथ कुछ होता है तो विपक्ष तुरंत अपनी संवेदनाये व्यक्त करने लगता है लेकिन अब पूरा इंडी गठबंधन चुप है। क्या कारण है विपक्ष स्पष्ट करे।

## सोशल मीडिया पर रूपये मांगने का वीडियो वायरल!

रूद्रपुर। सोशल मीडिया में हो रहे वायरल वीडियो में पुलिस के उच्चाधिकारियों के नाम पर रुपये लेने के मामले को एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप को 24 घंटे के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मामला थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का बताया जा रहा है और वीडियो में कार्यलय में व्यक्ति जमीन के मामले में पुलिस से मदद कराने का आश्वासन दे रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जब सोशल मीडिया में वायरल वीडियो एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के संज्ञान में आया तो उन्होंने वायरल वीडियो को देखने के बाद थाना ट्रांजिट कैंप के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह को वायरल वीडियो की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। वीडियो में व्यक्ति पुलिस के उच्चाधिकारियों के नाम पर रुपये ले रहा है। वायरल वीडियो में बीच–बीच में एक महिला की भी आवाज सुनाई दे रही है। वह बोल रही है कि अभी इतने ही रुपये रख लो। वायरल वीडियो पुलिस महकमें में चर्चा का विषय बना है।

